

# दोस्तों और परिवार के साथ इको-फ्रेंडली तरीके से मनाएं होली

**जबलपुर, यशभारत।** रंगों का त्योहार यानी धुरेड़ी 7 मार्च को धूमधाम से मनाया जाएगा. इस दिन लोग एक दूसरे को होली की बधाई देते हैं, रंग खेलते हैं और स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेते हैं। अपने पसंदीदा त्योहार होली को खेलने के चक्कर में हम जाने-अंजाने कई तरह से पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते हैं जो हमारे भविष्य के लिए सही नहीं। तो क्यों न इस बार ईको-फ्रेंडली तरीके से मनाएं होली। होली का त्योहार बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाता है। लोग बढ़-चढ़कर इस त्योहार का मजा लेते हैं लेकिन कुछ लोग इस त्योहार में लकड़ी से लेकर पानी जैसी कई ऐसी चीज़ों की बर्बादी भी करते हैं जो हमारे पर्यावरण के लिए सही नहीं। तो अगर आप वाकई पर्यावरण को लेकर जागरूक हैं और फेस्टिवल भी एंजॉय भी करना चाहते हैं तो इस बार कुछ अलग अंदाज से ऐसे मनाएं ये त्योहार। त्योहार हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं. हालांकि इन्हें मनाते समय हमें अपने आसपास के वातावरण का ध्यान रखना चाहिए. अपने पर्यावरण की देखभाल करना हमारा कर्तव्य है. आप होली का आनंद लें, लेकिन पर्यावरण का ध्यान भी रखें. होली का त्योहार पानी, गुब्बारों और रंगों का इस्तेमाल करके मनाया जाता है. लेकिन ये चीजें पर्यावरण को नुकसान पहुंचा सकती है. पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पर्यावरण के अनुकूल तरीके से होली मनाई जानी चाहिए.



### ऑर्गेनिक कलर

आप ऑर्गेनिक कलर का इस्तेमाल करके भी होली खेल सकते हैं. होली पर बिल्कुल केमिकल फ्री रंग चुन सकते हैं. ये रंग आपके बालों और त्वचा के लिए हानिकारक नहीं होते हैं. कई बार केमिकल युक्त रंगों का इस्तेमाल करने के कारण आपकी त्वचा पर मुंहासे और रैशेज हो जाते हैं. इसलिए केवल ऑर्गेनिक रंगों से ही होली खेलें. सिंथेटिक रंग न केवल आपकी त्वचा के लिए बल्कि पर्यावरण के लिए भी हानिकारक होते हैं.

### पानी के गुब्बारों से होली न खेलें

इस साल पर्यावरण के अनुकूल होने का एक अच्छा तरीका है ये कि आप पानी के गुब्बारे से होली न खेलें. अपने दोस्तों और परिवार के सदस्यों पर पानी के गुब्बारे फेंकना लगभग सभी को पसंद होता है, लेकिन ये पर्यावरण के लिए काफी हानिकारक होता है. थोड़ी देर की मस्ती पर्यावरण को नुकसान पहुंचा सकता है. ।

## ऐसे करें तैयारी

# होली के जश्न का नहीं पड़ेगा परीक्षा पर असर

जबलपुर, यशभारत। बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो गईं हैं। साथ ही होली का त्यौहार भी आ गया है, जिसे बच्चे काफी उल्लास से मनाते हैं. ऐसे में बोर्ड परीक्षाओं में भाग लेने वाले छात्रों को खास ध्यान देने की जरूरत है. परीक्षार्थी होली खेलें, लेकिन कई बातों का ध्यान रखें ताकि आपकी परीक्षा की तैयारी पर कोई असर ना पड़े. आइए जानते हैं होली मनाते वक्त छात्रों को किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए...

पहले कर लें तैयारी- अगर आपकी परीक्षा चल रही है तो उस विषय की तैयारी पहले ही कर लें, जिसकी परीक्षा होली के बाद में है. दरअसल होली पर आप ज्यादा वक्त पढ़ाई को नहीं देते हैं, इसलिए आपको पहले ही तैयारी कर लेनी चाहिए. परीक्षा से पहले एक बार रिविजन कर लें.

सूखी होली खेलने की कोशिश करें- अगर आप होली खेलने जा रहे हैं तो आपको सूखी होली खेलने की कोशिश करनी चाहिए. पानी से होली खेलने से आपको ठंड लगने का डर रहता है और इससे जुकाम, बुखार जैसी बीमारी हो सकती है. अगर आप एक बार किसी बीमारी की चपेट में आ गए तो परीक्षा के प्रदर्शन पर काफी असर पड़ सकता है.



### ज्यादा ना खेलें

कई बार बच्चे सुबह से शाम तक होली खेलते रहते हैं और इससे उन्हें थकान हो जाती है. जिसके लिए उन्हें कई घंटों आराम की जरूरत होती है. ऐसे में ज्यादा होली खेलने से बचें ताकि आपका टाइम खराब ना हो और आप परीक्षा में अच्छे अंक हासिल कर सके.

### आराम से होली खेलें

कई बार होली पर कुछ एक्सीडेंट की खबर आती है, जिसमें सड़क एक्सीडेंट के साथ कई दुर्घटनाएं शामिल होती है. इसलिए दुर्घटनाओं से बचें और आराम से होली खेलें. पेरेंट्स भी रखें ध्यान- कई बार बच्चे होली खेलने से बचते हैं और पढ़ाई करते हैं, लेकिन घर के महौल की वजह से वो पढ़ाई नहीं कर पाते हैं. इसलिए पेरेंट्स भी बच्चों के साथ को-

## रहमत की रात शबेबारात आज

**जबलपुर यशभारत ।** मुस्लिम धर्मावलंबियों का प्रमुख पर्व शबेबारात मंगलवार को अक़ीदत और उल्लास से मनाया जा रहा है। इस मौके पर मुस्लिम बहुल क्षेत्रों की मस्जिदों मे शानदार सजावट की गई है। मुस्लिम घरों मे हज़रत उवैस कर्नी रजी. की बारगाह मे नजरो न्याज पेश की जाएगी । रात्रि मे मुस्लिम बंधु इबादत करेंगे तथा तौबा अस्तगफार कर अल्लाह से माफी मागेंगे । ईदगाह रानीताल- मुफ्ती ए आजम मध्य प्रदेश हज़रत मौलाना मुहम्मद हामिद अहमद सिद्दीकी के अनुसार ईदगाह कला रानीताल में 7 मार्च मंगलवार मुताबिक चौदह शाबान पंद्रहवी शब नमाज़े मगरिब बाजमाअत अदा करने के बाद शाबान शरीफ के तीन दुगाने (नफिल नमाज) अदा किये जाएंगे। व दुआ की जाएगी।



# होली को लेकर बाजार में खरीददारों की उमड़ी भीड़

जबलपुर, यशभारत। होली की खरीदारी के लिए बाजारों में ग्राहकों की भीड़ उमड़ने लगी है, नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से भी इस होली त्यौहार को मनाने के लिए अपने खरीदारी के लिए बहुत मात्रा में लोग पहुंचे। इस होली में कई तरह के पिचकारी बाजार में देखने को मिली जिसमें से डबल धारा वाली पिचकारी, मूवी गन वाली पिचकारी, पानी की जगह गुलाल उड़ाने वाली पिचकारी भी दिखाई दी, होली की इस रंग के त्यौहार के लिए रंग की बिक्री भी बहुत ज्यादा मात्रा में बिक्री भी हुई इससे जिले में अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस बार होली का जश्न बहुत ही धूमधाम से मनाया जाएगा।इस साल होली के पर्व को लेकर लोगों में कुछ ज्यादा ही उत्साह है देखने को मिला यहां बाजार में चेहरे में लगाने वाली मूंछ, जादू आई आंख, लंबे-लंबे बाल वाली टोपी बिक रही है । मांग को लेकर दुकानदार भी ज्यादा व्यस्त देखने को मिले व्यापारियों ने कहा इस साल का होली कुछ ज्यादा ही उत्साह जनक हो सकता है खरीदारी से यह पता लग रहा है और साल की अपेक्षा इस साल ग्रामीण व शहरी सभी क्षेत्र में बड़े हर्षोल्लास से मनाया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ



### पीएससी की अतिरिक्त मुख्य राज्यसेवा परीक्षा 15 अप्रैल से

**जबलपुर, यशभारत।** मप्र लोकसेवा आयोग (पीएससी) ने अब राज्यसेवा 2019 की अतिरिक्त मुख्य परीक्षा आयोजित करने की घोषणा कर दी है। अतिरिक्त मुख्य परीक्षा का आयोजन 15 अप्रैल से 20 अप्रैल तक होगा। प्रत्येक दिन अलग-अलग पर्चे लिए जाएंगे। विवादों और बार-बार परिणाम बदले जाने के कारण चर्चा में रहने वाली इस परीक्षा में फिर से एक आपत्ति आ रही है। पीएससी ने राज्यसेवा 2019 की अतिरिक्त परीक्षा 20 अप्रैल को रखा है। इसी दिन पटवारी चयन परीक्षा भी आयोजित होना है।पीएससी द्वारा घोषित शेड्यूल के अनुसार 15 से 18 अप्रैल तक सामान्य अध्ययन के पर्चे होंगे। 19 अप्रैल को हिंदी और 20 को निबंध लेखन का पर्चा होगा। अभ्यर्थियों ने मांग रखी है कि 20 अप्रैल वाले पर्चे की तारीख आगे बढ़ाई जाना चाहिए। दरअसल ऐसे तमाम अभ्यर्थी हैं जो राज्यसेवा 2019 की अतिरिक्त मुख्य परीक्षा में भी भाग ले रहे हैं और जिन्हें पटवारी चयन परीक्षा में भी शामिल होना चाहिए।व्यापमं द्वारा पटवारी चयन परीक्षा पूर्व में घोषित की जा चुकी थी। ऐसे में पीएससी को तारीख का ध्यान रखते हुए परीक्षा कार्यक्रम घोषित करना था। तारीखों में टकराव से होगा ये कि कई अभ्यर्थियों को दोनों में से एक परीक्षा छोड़ना पड़ेगी।पीएससी चार वर्षों में एक भी राज्य सेवा चयन के अंतिम स्तर तक नहीं पहुंचा सका है। ऐसे में पटवारी चयन का मौका भी दूसरे विकल्प के तौर पर युवाओं के लिए अहम है। आयोग को इस पर संज्ञान लेना चाहिए। अभ्यर्थी आकाश पाठक ने कहा कि क्योंकि यह अतिरिक्त परीक्षा है। कम संख्या में अलग से चुने अभ्यर्थी इसमें भाग ले रहे हैं। ऐसे में पीएससी के तारीख में परिवर्तन करना आसान होगा। उल्लेखनीय है कि राज्यसेवा 2019 का परिणाम एक बार घोषित होकर प्रक्रिया इंटरव्यू तक पहुंच चुकी थी। फिर एक बार रिजल्ट रद किया गया। बाद में फिर से प्रक्रिया करवाने की घोषणा हुआ। मामला कोर्ट में पहुंचा तो मामला फिर उलट गया। अब अतिरिक्त मुख्य परीक्षा करवाई जाएगी।

### 55 नायब तहसीलदारों को बड़ी राहत

**जबलपुर,यशभारत।** हाई कोर्ट प्रदेश के अलग-अलग जिलों में पदस्थ 55 नायब तहसीलदारों को बड़ी राहत दे दी है। इसके तहत राज्य शासन को तहसीलदार बतौर पदोन्नति देने पर विचार करने के निर्देश दिए गए हैं। न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि राज्य शासन पूर्व में पारित निर्णयों व सरकार के 29 नवंबर 2016 के आदेश के परिप्रेक्ष्य में सभी याचिकाकर्ताओं के अभ्यावेदनों पर विचार कर उचित निर्णय पारित करे। इस पूरी कार्रवाई के लिए तीन माह की समय सीमा निर्धारित की गई है। दमोह निवासी विकास चंद जैन सहित कटनी, सागर, रीवा, सिंगरौली, पन्ना, सीहोर, बुरहानपुर, उमरिया, विदिशा, छिंदवाड़ा व अन्य जिलों में नायब तहसीलदार के पद पर पदस्थ 55 अधिकारियों ने याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता राहुल दिवाकर ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि राज्य शासन ने 29 नवंबर, 2016 को एक आदेश जारी कर नायब तहसीलदार के प्रमोशन के लिए पांच वर्ष के अनुभव की शर्त को शिथिल करते हुए उसे तीन वर्ष कर दिया था। उन्होंने बताया कि राजस्व विभाग ने इस संबंध में प्रक्रिया भी शुरू कर दी थी, लेकिन प्रमोशन के लिए डीपीसी नहीं की गई। इस कारण हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई। शासन की ओर से दलील दी गई कि प्रमोशन के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने यथास्थिति के निर्देश दिए हैं। याचिकाकर्ताओं की ओर से आगे दलील दी गई कि पूर्व में हाई कोर्ट ने ऐसे मामलों में यह स्पष्ट किया है कि प्रमोशन देने के मामले में सुप्रीम कोर्ट की अंतरिम आदेश बाधा नहीं बनेगा।

# श्रीजानकीरमण महाविद्यालय से होगा आचार्य राजशेखर समारोह का शुभारंभ

**जबलपुर,यशभारत।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय संस्कृत पालि एवं प्राकृत विभाग जबलपुर के तत्वावधान में इस वर्ष राजशेखर समारोह एवं शोध संगोष्ठी दिनांक 15 ,16 एवं 17 मार्च 2023 को आयोजित होगी। दिनांक 10 मार्च प्रातः 11बजे के से आचार्य राजशेखर समारोह शुभारंभ होगा। इस अवसर पर श्रीजानकीरमण महाविद्यालय के तत्वावधान में आचार्य राजशेखर पर पूर्व रंग के अंतर्गत क्रमशः दिनांक 10 मार्च 2023 को भाषण प्रतियोगिता जिसका विषय है राजशेखर के साहित्य में सामाजिक चित्रण अपरांह 12.00 बजे 11 मार्च 2023 को कवि राजशेखर की रचनाओं में निर्धारित श्लोकों का काव्य पाठ प्रतियोगिता अपराहन 12 बजे तथा दिनांक 13 -03- 2023 को अपराहन 12बजे से चित्रकला प्रतियोगिता होगी जिसका विषय राजशेखर के साहित्य में नायक निर्धारित है।शुभारंभ सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. कपिल देव मिश्र, अध्यक्ष शरद चंद्र पालन विशिष्ट अतिथि डॉ. ए सी तिवारी एवं डॉ पवन तिवारी रहेंगे।सभी कार्यक्रम, प्राचार्य डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, संयोजक प्रो. राधिका प्रसाद मिश्र, स्थानीय संयोजक डॉ आनंद सिंह राणा, सह संयोजक डॉ. गंगाधर त्रिपाठी एवं डॉ. सरिता यादव के निर्देशन में आयोजित होंगे।सभी प्रतियोगियों के लिए प्रविष्टियों की अंतिम तिथि 7 मार्च होगी।





## नि :शुल्क हड्डी रोग परामर्श एवं जाँच शिविर

**जबलपुर, यशभारत।** डी. बी. क्लब जी.सी.एफ स्टेट, जबलपुर एवं जोड़प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. विकास सावला के संयुक्त तत्वावधान में नि :शुल्क हड्डी रोग परामर्श एवं जाँच शिविर का आयोजन डी. बी. कलब जी.सी. एफ स्टेट में रविवार सुबह 10.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक आयोजित किया गया। सचिव सोमेन गोस्वामी ने बताया कि इस शिविर में भाड़ी संख्या में घुटने, कमर हड्डी कंधे के दर्द सम्बन्धी मरीजों का नि :शुल्क जाँच किया गया तथा हडियो में घनत्व की जाँच निशुल्क किया गया इस शिविर को सफल बनाने में तथा सहयोग हेतु कलब पदाधिकारी ने डॉ. विकास सावना तथा उनके टीम का आभार व्यक्त किया। क्लब की ओर से क्षेत्रवासी को आश्वासन दिया गया कि इस तरह का सामाजिक कार्य आगे भी जारी रहेगा ।

# मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का जन्मदिन महामृत्युंजय अनुष्ठान कर 51000 आहुतियां देकर मनाया

**जबलपुर, यशभारत।** अंत्योदय प्रकोष्ठ भाजपा प्रदेश सह संयोजक अमर मिश्रा ने बताया कि मध्य प्रदेश मैं विकास और जनकल्याण की ऐतिहासिक गाथा लिखने वाले मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य से निकालकर समृद्ध साली प्रदेश बनाने वाले जननायक यशस्वी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का जन्मदिन हमने लगातार 18वे वर्ष भी नर्मदा तट ग्वारीघाट जबलपुर में महामृत्युंजय अनुष्ठान कर यज्ञ में 51000 आहुतियां देकर उनके दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन की कामना हेतु मनाया इस शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की पात्र बहनों ने भी शिवराज सिंह के दीर्घायु होने के लिए आहुतियां दी । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष प्रभात साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने सभी वर्गों की चिंता करते हुए युवा, बुजुर्ग, महिला, किसान, बच्चियों के लिए योजना बनाकर सभी के कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं और स्वर्णिम मध्यप्रदेश का निर्माण कर रहे हैं । अनुष्ठान के पश्चात मिष्ठान वितरण किया गया । कार्यक्रम में उज्जवल पचोरी, पार्षद मालती चौधरी, रंजीत पटेल, हेमंत साहू, दीप मेहदेले, सुनील अवस्थी, अमित सैनी, डॉक्टर शुभम अवस्थी, गुरदीप सिंह,राहुल बारी, वैभव चौरसिया, संजय केसरवानी, सागर मिश्रा, शक्ति मिश्रा, गौरी शंकर दुबे,शिवा चौधरी, जितेंद्र चौधरी, वीरेंद्र श्रीवास्तव, दिनेश मिश्रा, आशीष चौबे, अक्षय चौबे, हरसू चौबे, अंकित बैन, नवल बर्मन, राहुल आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# भक्तिमय भजन संध्या आयोजित

**जबलपुर,यशभारत।** श्री श्याम खाटू जी महाराज सत्संग समिति जबलपुर ने बताया की विगत सांय संस्कारधानी के हृदय स्थल हनुमानताल जबलपुर विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया गया, एक शाम खाटूश्याम के नाम कार्यक्रम में भजन गायकों ने अपने भावपूर्ण संगीतमय भजनों के माध्यम से भगवान श्री खाटूश्याम जी, महिमा का गुणगान किया। उपस्थित जनों को धर्म भावों के सागर में आन्नद की अनुभूति कराते हुए भगवान श्री कृष्ण जी एवं राधा जी की सजीव झांकियों एवं जीवंत नृत्यों ने भक्ति के सागर का दृश्य उत्पन्न किया, उपस्थित अपार जन मेदिनी ने संगीत की धुनों में धर्म लहरियों का आन्नद लिया। कार्यक्रम का भव्य आयोजनश्रीमती प्रतिभा मिश्रा, पंडित योगेन्द्र दुबे, ओमप्रकाश मिश्रा, मयूर, आशु द्वारा किया गया।भजन संध्या के इस भव्य आयोजन में उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री विनय सक्सेना, पूर्व महापौर एवं वर्तमान भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष युवाओं के पथप्रदर्शक श्री प्रभात साहू जी, रूपराम पटैल पूर्व पार्षद, मुकेश यादव, पूर्व पार्षद, डॉ0 सुधीर अग्रवाल, पी. के. श्रीवास्तव, गिरीश महाराज, कर्मचारी संघ के मुन्ना गौतम, राम दुबे, मुन्ना यादव, अर्वेन्द्र राजपूत, डी. के.नेमा, आर.के.परौहा, प्रकाश सेन, आशुतोष तिवारी, रामशंकर शुक्ला, एम.एल. शर्मा, के. पी. दुबे, सुरेन्द्र जैन, मुकेश सिंह, मंसूर बेग, बंटी महाराज, मनोज सेन, विनय नामदेव, पवन ताम्रकार, विष्णु पाण्डे, प्रियांशु शुक्ला, मयूर मिश्रा, आशु मिश्रा, विकास दुबे, ने उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित किया ।



## रंगों की पानी फुहारों के साथ 21 चरणों में निकली 392 वी नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा

**जबलपुर, यशभारत।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से फागुन पूर्णिमा को 392 वी नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा ब्रह्म मुहूर्त में रंगों की फुहारों के बीच निकाली गई मां नर्मदा का पूजन कर गुलाल का टीका लगाया । स्वामी रामचंद्र दास जी महाराज के सानिध्य में 8 मार्च बुधवार को सायं 4ः00 से संकीर्तन फूलों की होली एवं भगवान का अभिषेक एवं भंडारे का आयोजन होगा। पंचकोशी वासियों को स्वामी जी के द्वारा बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का वितरण प्रसाद स्वरूप निःशुल्क किया गया विशाल भंडारे के साथ समापन है। इस अवसर पर नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल अध्यक्ष डॉक्टर शिव शंकर पटेल संकीर्तन आचार्य पंडित मनमोहन दुबे श्याम मनोहर पटेल मनोज गुलाबवानी आदि उपस्थित रहे।





## धुरेड़ी में तीन टाइम मिलेगा पानी

जबलपुर, यशभारत। रंगों के त्योहार होली में जमकर लगाओ रंग-गुलाल। पानी की चिंता बिल्कुल न करें, क्योंकि हर बार की तरह इस बार भी नगर निगम होली के दिन तीन टाइम पानी देगा। नगर निगम ने इसकी तैयारी भी कर ली है। जल शोधन संयंत्र रमनगरा, ललपुर, रांझी में बिजली आपूर्ति बनाए रखने, मरम्मत व शुद्धीकरण जैसे कार्य कर लिए गए हैं। निगमायुक्त स्वप्निल वानखडे ने भी जल विभाग के अधिकारियों को होली के दिन आठ मार्च को शहर भर में सुबह, दोपहर और शाम को सुचारू रूप से जलापूर्ति करने के निर्देश दिए हैं। सभी पंप आपरेटरों को पत्र जारी कर दिए गए हैं।अतिरिक्त जलापूर्ति व्यवस्था के संबंध में कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि धुरेड़ी का पर्व आठ मार्च को मनाया जाएगा। इस दिन नागरिकों के लिए सुबह 06ः30 बजे से सात बजे तक, दोपहर एक से दो बजे यानी एक घंटा अतिरिक्त पानी दिया जाएगा। इसके बाद शाम छह बजे से अतिरिक्त जलापूर्ति करने की व्यवस्था की गई है। सभी संबंधित सहायक यंत्रियों एवं उपयंत्रियों को अपने-अपने क्षेत्रों में व्यवस्था करने और व्यवस्थाओं की सतत निगरानी रखने संबंधी

# जिला अदालत परिसर में राधा कृष्ण नृत्य के साथ हुई फूलों की होली



**जबलपुर यशभारत।** जिला बार एसोसिएशन के तत्वाधान में जिला परिसर में सोमवार को राधा कृष्ण नृत्य के साथ फूलों की होली खेली गई इस दौरान अधिवक्ताओं ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां के जरिए मन मोह लिया वहीं पारंगत कलाकारों ने होली से जुड़े गीत व नृत्य मनमोहक अंदाज में प्रस्तुत किए जिला बार के अध्यक्ष एवं स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन आरके सिंह सैनी ने बताया कि लंबे समय से जिला बार की कमान संभाल रहे हैं पुरानी जिला अदालत से लेकर नई जिला अदालत तक होली मनाने की परंपरा को रखा गया है इस दौरान महिला अधिवक्ताओं का उत्साह चरम पर होता है वह आपस में गुलाल लगाकर होली बनाती है आज से 40 वर्ष पूर्व से किए जा रहे इस होली मिलन समारोह में जोकि जिला बार द्वारा आयोजित किया जाता है सभी अधिवक्ता साथियों ने तारीफ करते हुए सैनी जी को एवं समस्त अधिवक्ताओं को होली की बधाई प्रेषित की श्री सैनी ने बताया कि भविष्य में भी इसी तरह के कार्यक्रमों का आयोजन बार द्वारा किया जाएगा संचालन सचिव राजेश तिवारी ने किया

## माढोताल में बाइकों में सीधी भिड़ंत

**जबलपुर, यशभारत।** माढोताल थाना अंतर्गत बेनीखेडी पुलिया के पास देर रात दो बाइकों में सीधी भिडंत हो गयी। जिसमें एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे आनन फानन में जख्मी हालत में अस्पताल में भर्ती किया गया है, तो वहीं आरोपी बाइक चालक मौके से फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित राजा राजपूत निवासी संजय नगर अधारताल ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि बेनीखेड़ी पुलिया के पास तेज रफ्तार बाइक क्रमांक एमपी 20 एनएन 1699 के चालक ने उसे सीधी टक्कर मार दी। हादसे में वह वाहन समेत रोड से दस फिट दूर जा गिरा। जिसका अस्पताल में इलाज जारी है।

## कंटेनरों में भरकर खुलेआम बेंच रहे थे देशी शराब

**जबलपुर, यशभारत।** अधारताल थाना अंतर्गत आलोक नगर में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महिला तस्कर सहित दो आरोपियों को दबोच लिया है। दोनों लंबे समय से इस गोरखधंधे में जुटे हुए है। सूचना के बाद पुलिस ग्राहक बनकर पहुंची और दोनों ही आरोपियों से माल भी खरीदा। कार्रवाई के दौरान जब पुलिस ने कंटेनरों में भरी देशी शराब को देखा तो दंग रह गयी। जिसके बाद दोनों ही आरोपियों से करीब 55 लीटर शराब जब्त की है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि आलोक नगर से सूचना मिली कि यहां एक महिला तस्कर, एक आरोपी के साथ देशी शराब घर से बेंच रही है। जिसके पास अधिक मात्रा में शराब है। सूचना के बाद पुलिस ने टीम गठित कर, बतौर ग्राहक शराब तस्कर के ठिकाने पर पहुंची और शराब जब्त कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनसे पूछताछ जारी है।

## खेत के बाड़े में खड़ा किसान का ट्रेक्टर शातिर चोरों ने किया पार

चोरों का हैरतंगेज कारनामा

जबलपुर, यशभारत। चरगवां थाना अंतर्गत बड़खेड़ा में चोरों का हैरतंगेजे कारनामा सामने आया है। यहां खेत के बाड़े में खड़ा ट्रेक्टर शातिर चोर पार कर रफूचक्कर हो गए। सुबह जब किसान खेत पहुंचा तो देखा कि ट्रेक्टर गायब था। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि धनीराम साहू ने रपट दर्ज करवाते हुए बताया कि वह पेशे से किसान है। उसने खेत के बाड़े में अपना सोनालिका ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 20 एए 9362 खड़ा कर घर चला गया था, जब सुबह खेत पहुंचा तो ट्रेक्टर गायब था। उसने आसपास पता किया लेकिन किसी ने भी उसका वाहन नहीं देखा। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर, आरोपियों को तलाश करने में जुटी है।

## एयरटेल ने एक साथ 125 शहरों में 5जी लॉन्च की घोषणा की, अब तक का सबसे बड़ा रोल आउट

**जबलपुर, यशभारत।** भारत की अग्रणी टेलीकम्यूनिकेशन सर्विस प्रोवाइडर, भारती एयरटेल (÷एयरटेल÷) ने आज 125 शहरों में अपनी अल्ट्रा-फास्ट 5जी सेवाओं की शुरुआत की घोषणा की। इसके साथ ही एयरटेल 5जी प्लस सेवा अब देश के 265 से अधिक शहरों में ग्राहकों के लिए उपलब्ध है।

**इंदौर, भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर के साथ अब देवास, जबलपुर, सागर, छतरपुर, महू, पीथमपुर में भी अल्ट्राफास्ट एयरटेल 5जी प्लस सेवाएं उपलब्ध**

एयरटेल 5जी प्लस के तीन आकर्षक फायदे हैं। सबसे पहले, यह एक ऐसी तकनीक पर चलता है जिसकी दुनिया में सबसे विकसित इकोसिस्टम के साथ व्यापक स्वीकृति है। यह सुनिश्चित करता है कि भारत में सभी 5जी स्मार्टफोन एयरटेल नेटवर्क पर निर्बाध रूप से काम करें। दूसरा, कंपनी शानदार वॉयस एक्सपीरियंस और सुपर-फास्ट कॉल कनेक्ट के साथ आज की तुलना में 20 से 30 गुना अधिक गति का बेहतरीन अनुभव देने का वादा भी करती है। अंत में, एयरटेल 5जी प्लस नेटवर्क अपने विशेष पॉवर रिडक्शन सॉल्यूशन के साथ पर्यावरण के लिए भी अधिक अनुकूल होगा। भरोसेमंद एयरटेल नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर द्वारा संचालित, एयरटेल 5जी प्लस हाई-डेफिनिशन वीडियो स्ट्रीमिंग, गेमिंग, मल्टीपल चैटिंग, फोटो को तुरंत अपलोड करने व अन्य सुविधाएं के लिए सुपरफास्ट एक्सेस प्रदान करेगा।

## मध्यप्रदेश जन अभियान

# सीएम के संकल्प को जन जन तक पहुंचाए और ध्यान रखे कोई भी पात्र बहन योजना के लाभ से वंचित न रह जाये

**कुंडम, यशभारत।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय शिवराजसिंह चौहान के जन्म दिवस पर आयोजित सम्मेलन में विकासखण्ड में कार्यरत ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों, नवांकुर संस्थाओं, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र-छात्राओं,परामर्शता एवं अन्य स्वैच्छिक संगठनों के विकासखण्ड स्तरीय सम्मेलन को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के माननीय उपाध्यक्ष श्रीमान डॉ जितेन्द्र जामदार द्वारा संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री जी को जन्म दिवस की शुभकामनाएं दीं एवं उनके संवेदनशील नेतृत्व में हर वर्ग के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ ही ÷लाड़ली बहना योजना÷ के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई व सभी लोगों से स्वैच्छिकता एवं सामूहिकता से ग्राम विकास के साथ प्रदेश को विकास के उच्चतम शिखर पर ले जाने आव्हान किया इस दौरान डॉक्टर जामदार ने कहा कि लाडली लक्ष्मी एवं लाडली बहना योजना मुख्यमंत्री की संवेदना एवं अप्रतिम लोककल्याण की भावना को प्रकट करती है आज हमारी माताओं एवं बहनों के लिए ऐतिहासिक दिन है आज 5 मार्च मुख्यमंत्री अपने जन्मदिन पर सभी बहनों को उनके सशक्तिकरण का ये उपहार दे रहे हैं हम सभी सभी सामाजिक कार्यकर्ता प्रस्फुटन समितियों एवं अपने आप स्टूडेंट्स से आवाहन करते हैं कि आप माननीय मुख्यमंत्री के संकल्प को जन जन तक पहुंचाए और ध्यान रखे कोई भी पात्र बहन योजना के लाभ से वंचित न रह जाये माननीय मुख्यमंत्री जी जन अभियान परिषद के अध्यक्ष है और सब का महती दायित्व है कि हम उनके संकल्प को जन जन तक पहुंचाएं। जिला समन्वयक प्रदीप तिवारी द्वारा उपस्थित जनों को शासकीय योजनाओं की जानकारी के साथ आओ बनाएं मध्यप्रदेश के चयनित नों बिन्दुओ पर गतिविधि आयोजित करने विस्तार से जानकारी प्रदान की गई एवं छात्रों को अपनी क्षमता वर्धन के साथ नेतृत्व के गुण विकसित करने हेतु समझाइस दी गई,मंचीय कार्यक्रम पश्चात माननीय मुख्यमंत्री जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम के खेरमाई मंदिर प्रांगण में डॉ जितेन्द्र जामदार , संभाग समन्वयक रवि बर्मन , समाज सेवी शिवनरायन पटेल, साथ में विकासखण्ड की नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि दीपक जायसवाल, चौबे लाल झारिया, हेमराज झारिया, शकुन , मेन्टर्स कविता कुशवाहा राजेश मार्को पुरन बरकड़े कँधेया झारिया द्वारा पौधों का रोपण किया गया,कार्यक्रम में परिषद के सम्भाग समन्वयक रवि बर्मन जी, जिला समन्वयक प्रदीप तिवारी , समाज सेवी श्रीमान शिवनारायण पटैल , विकासखण्ड समन्वयक विवेक कुमार मिश्रा, परामर्शदाता पूरन सिंह वरकड़े, कविता कुशवाहा, राजेश मार्को, एवं बड़ी संख्या में प्रस्फुटन समिति के कार्यकर्ता, सी एम सी एल डी पी छात्रो द्वारा सहभागिता की गई।



## होली त्यौहार पर वापसी के लिए दानापुर-जबलपुर एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर यशभारत। रेल प्रशासन द्वारा त्यौहारों पर यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने हेतु सदैव प्रयासरत रहता है। इसी कड़ी में पूर्व मध्य रेल ने होली त्यौहार के पर्व पर अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए गाड़ी संख्या 03205 दानापुर–जबलपुर एक तरफ़ा एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है।**

यह गाड़ी पूर्व मध्य रेल के दानापुर से प्रस्थान कर पमरे के सतना एवं कटनी होते हुए जबलपुर अपने गंतव्य को आएगी। इस स्पेशल ट्रेन की विस्तृत जानकारी निम्न है।गाड़ी संख्या 03205 दानापुर से जबलपुर स्पेशल ट्रेन 09.03.2023 को दानापुर स्टेशन से 15¬00 बजे प्रस्थान कर आरा 15¬45 बजे, बक्सर 16¬45 बजे, पंडित दीनदयाल उपाध्याय 18¬20 बजे, प्रयागराज छिवकी 20¬50 बजे पहुँचकर अगले दिन सतना 00¬05 बजे, कटनी 01¬25 बजे और दूसरे दिन तड़के 03¬00 बजे जबलपुर स्टेशन पहुँचेगी।कोच कम्पोजीशन इस गाड़ी में 02 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 08 शयनयान श्रेणी, 08 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 20 कोच रहेंगे। रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध किया है कि यात्रा के दौरान कोविड-19 से सम्बंधित भारत सरकार द्वारा जारी सभी दिशा निर्देशों का पालन करें।

## नगर के मुख्य मार्गो में आगामी त्यौहार के मद्देनजर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**पाटन, यशभारत।** जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा के निर्देश पर आगामी त्यौहार होली और शबे बारात को देखते हुए पाटन पुलिस द्वारा सोमबार देर शाम नगर के मुख्य मार्गो पर फ्लैग मार्च किया गया उपनिरीक्षक थाना प्रभारी रवि उपाध्याय के मार्गदर्शन में थाना पाटन से प्रारंभ हुआ यह फ्लैग मार्च नगर के संवेदनशील क्षेत्रों और मुख्य मार्गो से होकर गुजरा फ्लैग मार्च निकालने का मुख्य उद्देश्य आम नागरिक अपने आप को सुरक्षित महसूस करें और होली जैसे पर्व पर शांति व्यवस्था बनी रहे वही इन त्योहारों के बीच असामाजिक तत्वों और गुंडे बदमाशों द्वारा किसी भी प्रकार की अनैतिक गतिविधि को अंजाम देने का प्रयास किया जाता है तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही विधि अनुरूप की जाएगी वही नगर के लोग पर्वो को शांति और सौहार्द्र से मना सकें इसके लिए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर फ्लैग मार्च पाटन पुलिस द्वारा निकाला गया इस दौरान एस डी ओ पी सारिका पांडेय के साथ हमराह स्टाफ उपस्थित रहा।

## श्री चित्रगुप्त पूजन पनागर में गुरुवार को होगा

**पनागर, यशभारत।** कायस्थ सभा के तत्वाधान में श्री चित्रगुप्त पूजन समारोह 09 मार्च 2023, गुरूवार को आयोजित किया जा रहा है, जो कि अवनेश श्रीवास्तव के निवास ग्राम ¬ लीटी पनागर में अपरान्ह 3.00 बजे से सम्पन्न होगा,इस पूजन कार्यक्रम में समस्त स्वजातीय एवं श्रद्धालुजनों से गरिमामय उपस्थिति का आग्रह सभा के पूर्व अध्यक्ष अवधेश खरे (आशुलेखक),पूर्व जनपद सदस्य प्रियेश खरे,विश्वास खासकलम, अमन,आदेश एवं सुलभ श्रीवास्तव ने किया है ।

## घर पहुंचे नेताओं का मनीष पटेल ने श्रीफल देकर किया स्वागत

कुंडम, यशभारत।आज पनागर के कांग्रेस नेता, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष और जनपद सदस्य पनागर विधानसभा (101) मनीष पटेल के घर में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और मध्य प्रदेश के प्रभारी जे.पी.अग्रवाल, का आगमन हुआ और जेपी,अग्रवाल ने मनीष पटेल के परिवार से बातचीत की और अपने हाथों से साल पहनाकर आशिर्वाद दिया तत्पश्चात मनीष पटेल ने साथ में आए सभी नेताओं का साल श्रीफल से स्वागत किया, जिसमे जबलपुर के लोकप्रिय महापौर जगत बहादुर सिंह (अन्नू भैया), मध्य प्रदेश सह प्रभारी सी.पी. मित्तल, जबलपुर के सह प्रभारी विभाष जैन, जबलपुर जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ नीलेश जैन, राजेश तिवारी (गुरु), आरिफ बेग, गोठल महराज,जिला पंचायत के उपाध्यक्ष विवेक पटेल, एड.श्याम सुंदर यादव मनीष पटेल (खमोद), जिला पंचायत सदस्य प्रदीप पटेल, राजेश पटेल, दिनेश पटेल, सचिन पटेल, सुब्रत पटेल,राहुल पटेल, अनिकेत पटेल, आदित्य पटेल, गनेश पटेल, सुरेश चढ़ार जनपद सदस्य, आशुतोष ठाकुर आदि कांग्रेस जनों ने आपस में चर्चा की और आगामी विधानसभा चुनाव में जबलपुर ग्रामीण की चारों विधनसभा में कांग्रेस के विधायक बनाने को लेकर चर्चा की। मनीष पटेल जी के कांग्रेस के प्रति समर्पण और लगन से काम करने की सराहना अग्रवाल जी और सभी नेताओं ने की78 वर्ष की आयु में भी अग्रवाल जी की इस तरह की कार्यशैली और कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मिलने का जो तरीका अपनाते हैं उसके कारण सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं में एक नया जोश और ऊर्जा दिखाई दे रही है।



## रानी अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस आयोजन करने की तैयारी पर लोधी क्षत्रिय समाज की बैठक का आयोजन....





**गोटेगांव, यशभारत।** विगत दिवस लोधी समाज के महिला संगठन को सक्रिय और गतिमान बनाने के उद्देश्य से भोपाल से श्रीमती विद्या पटैल वरिष्ठ समाज सेवी का आगमन हुआ.इनके मुख्य आथित्व में लोधी क्षत्रिय समाज के सामुदायिक भवन में बैठक रखी गई जिसकी अध्यक्षता श्रीमती सुमन जालम सिंह पटैल संरक्षिका लोधी समाज द्वारा की गई. बैठक में मंजू मलिक जिला अध्यक्ष लोधी समाज नरसिंहपुर ने महिला संगठन के द्वारा किए जा रहे कार्यो पर प्रकाश डाला और बताया कि आगामी बीस मार्च को रानी अवंती बाई लोधी का जन्म दिन मनाए जाने के लिए जिले की सभी महिलाओं को सक्रिय रहने के संदेश को घर पहुंचाकर कर संगठन से जोड़ने का काम प्राथमिकता से किया जाना है इसके लिए सभी को सहयोग करना है श्रीमती अर्चना संजय ठाकुर महामंत्री लोधी क्षत्रिय समाज मध्यप्रदेश ने प्रदेश संगठन से प्राप्त दिशा निर्देश पर विस्तृत प्रकाश डाला संगठन के खाली पड़े पदों पर पदाधिकारियों की पद स्थापना के साथ तहसील स्तर पर महिला समितियों के पुनर्गठन करने की सलाह दी. सक्रिय महिलाओं को संगठन में उचित जिम्मेदारी देकर उनके अनुभव के लाभ समाज विकास में लिया जाकर महिला संगठन को सशक्त बनाने पर जोर दिया. समाज संरक्षिका श्रीमती सुमन पटैल ने बताया कि जिले की समाज की महिलाओं ने समाज को संगठित करने अच्छे प्रयास किए हैं इसमें जिले स्तर पर महिलाओं का महासम्मेलन जिला मुख्यालय पर किया जा चुका है. कुछ कारणों जिसमें कोरोना जैसी घातक बीमारी आदि से संगठन के कार्यो में शिथिलता आई पर अब सब ठीक हो गया है और पुनः पूर्ववत समाज में एकता कायम कर समाज को संगठित कर सामाजिक बुराईयां दूर करने के लिए कार्य करना है एक बड़ी बुराई समाज में फैल रही नशा मादक पदार्थो का सेवन है जिससे नौजवान युवक गलत रास्ते पर जा रहे हैं उनके भटकाव पर उन्हें सही रास्ते पर चलने के लिए गाँव गाँव अभियान चलाया जाए जिसे इस फैल रही बुराई पर विजय पाई जा सके. यह समाज सेवा का बहुत ही श्रेष्ठ कार्य होगा.मुख्य अतिथि श्रीमती विद्या पटैल ने समाज में शिक्षा पर जोर देने लडके लडकिया में समान दृष्टिकोण अपने का संदेश समाज में दिया जाने की सलाह दी . श्रीमती उषा पटैल पूर्व पार्षद ने आभार व्यक्त किया. बैठक में श्रीमती विद्या पटैल श्रीमती सुमन पटैल अर्चना ठाकुर जया पटैल उषा पटैल मंजू पटैल के अलावा मातृशक्तियां उपस्थिति हुई. वीरांगना अवंती बाई के जन्म दिन के अलावा होली मिलन समारोह सामूहिक रूप से मनाने पर भी निर्णय लिए गए।

## सिलावट समाज का सम्मेलन आयोजित

गोटेगांव, यशभारत। जिला नरसिंहपुर के निकट ग्राम उमरिया में स्थित सिलावट समाज का सम्मेलन आयोजित किया गया उमरिया पहुंचने पर जिला अध्यक्ष एव पदाधिकारियों का राजा सिलावट एवं उनकी टीम द्वारा ढोल नगाड़ों के साथ आतिशबाजी करके जोरदार आगवानी कर स्वागत किया कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान गणेश एवं बाबासाहेब आंबेडकर के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया गया उसके पश्चात का कार्यक्रम में उपस्थित जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों का फूल माला से तिलक लगाकर सम्मान किया गया तदुपरांत जिलाध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने एवं बच्चों को शिक्षित करने और नौजवानों से नशा से दूर रहने का आवाहन कियाउसके उपरांत अन्य वक्ताओं ने समाज में व्याप्त कुरीतियां एवं समाज सुधार में अपने वक्तव्य दिये कार्यक्रम में समाज के हजारों व्यक्तियों की उपस्थिति रहीअत मे कार्यक्रम मे पधारे सभी पदाधिकारियों का राजा सिलावट ने आभार व्यक्त किया नरसिंहपुर जिला अध्यक्ष गौरीशंकर सिलावट, दीनू छिरा पार्षद,जितेंद्र चांदोरिया पूर्व पार्षद, संजू चौहान, जिला उपाध्यक्ष परमसिह मिहोलिया, राजाराम कस्तवार प्रवक्ता,बिहारीलाल चादोरिया पार्षद,संतोष दौहैया जनपद सदस्य,अजय बझैया, सुरेंद्र पिपरोलिया, राजेन्द्र छिरा ,बुधराज विंडवार, रंजीत पिपरोलिया, लोचन सिलावट , उमाशंकर छिरा बीआरसी, देवीसिंह परसवाल,रवि बिरतिया जनपद सदस्य, राजकुमार बझैया *वरिष्ठ सदस्य एवं पदाधिकारी* भूपत सिंह,अमलसिंह जारोलिया,श्याम लाल ,अशोक कस्तवार, कैलाश परसवाल, रेवाराम जारोलिया,रोशन सिलावट,राजा सिलावट,जय कनेरिया,कैलाश सिलावट,विनोद सिलावट,कोपसिह,घनश्याम सिलावट,तरवर सिलावट, राजकुमार, सरमन पिपरोलिया,अशोक सिलावट, शंकर सिलावट,राजू चादोरिया शिक्षक, कमलकांत जारोलिया सचिव,दिनेश परसवाल सरपच,संजय चादोरिया,राकेश बझैया,सतीश परसवाल,किशेर भगत, कान्हा छिरा,दीपक बझैया, दसरथ दौहैया,मयंक छिरा,दुर्गेश पंडा,दिनेश कस्तवार कैलाश कनेरिया दिनेश छिरोलिया,नीलेश बरसैया राजेंद्र रेहपुरिया लखन सिलावट एवं अनेक पदाधिकारियों सहित समाज के वरिष्ठ लोग सम्मिलित हुए।



# विधायक कप प्रतियोगिता मे लिंगा बनी विजेता

**नरसिंहपुर यभाप्र। विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम देवरी स्व अजय शर्मा स्टेडियम में 27 जनवरी से प्रारंभ हुई विधायक कप क्रिकेट प्रतियोगिता का 38 वें दिन फाइनल मैच के उपरांत समापन हो गया। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र की 128 क्रिकेट टीमों ने भाग लिया था। फाइनल मैच नर्मदा क्लब तेंदूखेड़ा एवं लिंगा क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया टॉस जीतकर नर्मदा क्लब तेंदूखेड़ा ने पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। वहीं लिंगा क्रिकेट क्लब ने निर्धारित 10 ओवरों के इस फाइनल मैच में 136 रनों का लक्ष्य रखा काफी रोमांचक इस मैच में नर्मदा क्लब तेंदूखेड़ा ने काफी संघर्ष करते हुये मात्र 3 रनों से यह मैच लिंगा के लिये समर्पित कर दिया।**

विजेता लिंगा क्रिकेट क्लव को विधायक संजय शर्मा वरगी क्षेत्र के विधायक संजय यादव दीवान शैलेंद्र सिंह नरेंद्र राजपूत महेंद्र तिजोड़ी वाले संदीप पटेल शोभा ठाकुर सौरभ शर्मा संजय शुक्ला महेंद्र पटेल प्रीति मिश्रा मनीष भिण्डवार सहित उपस्थित अतिथियों के द्वारा 31,555 रूपये नगद एवं कप वंशिका सुगर मिल के द्वारा प्रदान किया गया। वहीं उपविजेता टीम नर्मदा क्लब तेंदूखेड़ा को 21,555 वंशिका कंट्रक्शन के द्वारा प्रदान किये गये। मैन ऑफ द सीरीज एवं वेस्ट बल्लेवाज ऋषिराज लिंगा को प्रदान किया गया। बेस्ट फील्डर हरिओम लोधी तेंदूखेड़ा बेस्ट कीपर अवधेश राजपूत विलौनी तथा वॉलर का खिताब विनीत कुमार तेंदूखेड़ा को अतिथियों के द्वारा प्रदान किया गया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 128 टीमों के लगभग 1408 खिलाड़ियों को विधायक संजय शर्मा के द्वारा एक ड्रेस भी प्रदान की गई।

### खेल खेलने से बढ़कर खेल भावना जागृत करना




विधायक कप प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पंहुचे बरगी क्षेत्र के विधायक संजय यादव ने स्व. अजय शर्मा स्टेडियम की प्रशंसा करते हुये स्पष्ट किया कि अगली साल यहां मंत्री कप प्रतियोगिता बड़े स्तर पर कराई जायेगी खिलाड़ी भावना एक जीतता है तो एक हारता है लेकिन जीत कर हारना यह हम नेताओं से सीखना चाहिये हारने वालों को कभी निराश नहीं होना चाहिये सतत् प्रयासरत रहना चाहिये। विधायक संजय शर्मा की प्रशंसा करते हुये विधायक श्री यादव ने स्पष्ट किया कि खेल खेलने से बढ़कर खेल भावना जागृत करना और हर संभव इन खिलाड़ियों को मदद करना वास्तव मे संजय शर्मा की यह पहल हम सभी को एक अच्छी प्रेरणा देती है।

### आने वाले समय मे होंगी बड़ी प्रतियोगितायें

इस प्रतियोगिता के मुख्य सूत्रधार विधायक संजय शर्मा ने स्पष्ट किया कि युवा खेलों मे संलग्न बने रहेंगे तो अन्य आदतों मे संलग्न नहीं हो पायेंगे उन्हें एक अच्छा माहौल देना हमारा नैतिक दायित्व है आने वाले समय मे विजेता टीम को एक लाख उप विजेता को 50 हजार साथ ही अच्छी ड्रेस के साथ जूते भी उपलव्ध कराये जायेंगे। आने वाले समय मे खेल विभाग से परामर्श कर यहां पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता भी कराई जायेगी। साथ ही लेदर वॉल टूर्नामेंट वॉलीवॉल कबड्डी जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं को भी बढ़ावा दिया जायेगा। जिन लोगो के द्वारा इस प्रतियोगिता को सफल बनाने मे अपना सहयोग दिया उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुये दोनों टीमों के खिलाड़ियों को अपनी बधाइयां प्रषित की। इसके पूर्व मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव दीवान शैलेंद्र सिंह महेंद्र पटेल संदीप पटेल नरेंद्र राजपूत अजय गुप्ता के द्वारा भी विधायक संजय शर्मा की प्रशंसा करते हुये इस स्टेडियम को एक आदर्श स्टेडियम बनेगा की बात रखी। प्रतियोगिता मे 38 दिनों तक लगातार जिनके द्वारा सहयोग किया गया उन्हें मंच से सम्मानित किया गया। साथ ही बाहर से आने वाली सभी टीमों को भोजन पानी की व्यवस्था कराई गई तथा प्रत्येक टीम के खिलाड़ियों को मैच समाप्त होते ही मैन आफदा मैच का खिताब अतिथियों के माध्यम से प्रदान कराये गये। इस प्रतियोगिता को सफलता के मुकाम तक पंहुचाने के साथ खिलाड़ियों के उत्साहवर्घन मे विनोद श्रीवास्तव दिनेश सेन फौलाद सिंह गुड्डू भाटिया देवेंद्र पटेल देवराज पटेल मनीष पटेल सुनील भाटिया सुभाष पटेल अखिलेश भाटिया प्रतीक स्वदेशी अभिलाष पटेल दीपक पटेल राजा भाटिया निखिल पटेल प्रिंस पटेल अंश पटेल नितिन पटेल सुरेंद पटेल अभय राजपूत सतीश साहू अमन खान की भूमिका सराहनीय बनी रही।

# कहीं होली का मजा न किरकरा कर दे ये बेईमान मौसम

## सुबह तेज बूंदाबादी ने कराया ठंड का अहसास



**जबलपुर , यशभारत।** मौसम ने करवट बदल ली है। मौसम भी शहरवासियों को रह-रहकर वर्षा से भिगो रहा है। लगता है बेमौसम बारिश होली का मजा खराब कर सकती है । सोमवार की रात के बाद मंगलवार को भी शहर में रहा रहकर बारिश हो रही है। मौसम केंद्र के विज्ञानियों के अनुसार वर्तमान में उत्तर भारत में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। इसके अलावा दक्षिण-पश्चिम राजस्थान पर 0.9 किलोमीटर ऊंचाई पर प्रेरित हवा का चक्रवात बना हुआ है। इसके असर से जबलपुर सहित संभाग भर में बादल छाए हैं और वर्षा की गतिविधियां दिखाई दे रही हैं। तापमान में असमानता के कारण बादल बनने व तेज हवाएं चलने की गतिविधियां दिखाई दे रही हैं। सोमवार रात को अचानक तेज हवाओं ने अपना रूख और तेज कर दिया और रात होते ही हवाओं ने आंधी का रुख अपना लिया। जबलपुर के कई क्षेत्रों में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। वहीं आंधी की वजह से कई क्षेत्रों में घरों के छप्पर तक उड़ गए। मौसम में हुए इस बदलाव से लोगों को गर्मी से तो राहत दी, लेकिन 65 से 70 किमी प्रति घंटे से चली तेज हवाओं और बारिश ने लोगों की परेशान बढ़ी दी। मौसम में आए बदलाव का असर जबलपुर समेत आसपास के क्षेत्रों में भी तेज आंधी और बूंदाबादी हुई। यह स्थिति मंगलवार सुबह भी रही और आसमान में बादल छाए रहे और बूंदाबांदी होती रही।शहर और ग्रामीण इलाकों में बिजली की आपूर्ति बाधित हो गई। कई जगह पेड़ गिरे और लाइन टूट गई। इसके चलते लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ा। शहरी क्षेत्र में व्हीएफजे सब स्टेशन में फाल्ट आने के कारण शहर के कई क्षेत्रों में बिजली बहुत देर तक बंद रही है। मौसम विज्ञानिकों के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ का असर से मौसम में बदलाव हुआ। वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान के आसपास ट्रफ के रूप में बना हुआ है। उसके प्रभाव से गुजरात पर एक प्रेरित चक्रवात बन गया है। इन दो मौसम प्रणालियों के कारण हवाओं का रुख बार-बार बदल रहा है। निचले स्तर पर हवा का रुख उत्तरी बना हुआ है, जबकि ऊंचाई पर दक्षिणी हवा चल रही है। विपरीत दिशाओं की हवाओं के टकराव के कारण बादल बन रहे हैं। अगले 24 घंटे के दौरान जबलपुर सहित संभाग के जिलों में कहीं-कहीं तेज हवा के साथ चमक-गरज के साथ बिजली गिरने की संभावना है।



# रंगों का महापर्व धुरेड़ी कल

**जबलपुर, यशभारत।** पूर्णिमा तिथि इस बार दो दिन होने से होलिका दहन शहर में दो दिन मनाया जा रहा है। शहर में कई स्थानों पर होलिका दहन सोमवार को हुआ। होली के दूसरे दिन बुधवार को शहर में धुरेड़ी मनाई जाकर होली खेलेंगे। घरों में मेहमानों के स्वागत के लिए गुझिया, नमकीन आदि पकवान तैयार किए गए हैं। होली मनाने के लिए जमकर खरीदारी हुई। सुबह से लेकर देर शाम तक बाजार गुलजार रहे। रंग-गुलाल, गुझिया, पापड़ और चिप्स खूब बिके। वहीं जूते-चप्पल से लेकर नए कपड़ों की डिमांड भी खूब रही। होली पूजन और आखत डालने के लिए जौ की बालियां और गोबर के कंडे खूब बिके।मिठाई की प्रसिद्ध दुकानों, पूजन सामग्री व फूल की दुकानों पर भी रौनक दिखी। सिर और बालों को रंग से बचाने के लिए होली में लोग तरह-तरह के कैप, टोपी और पगड़ी का इस्तेमाल करते हैं। बाजार में बालों वाली विब टाइप की कैप, हैट, रंग-बिरंगी और स्टाइलिश टोपियां खूब बिकी। पगड़ी का भी क्रेज बढ़ा है। बाजार में राजस्थानी और गुजराती टोपियां भी जमकर बिकी। बच्चों ने तो तरह-तरह की टोपियां खरीदी, लेकिन युवाओं ने पगड़ी पसंद की। सामान्य रंग-गुलाल की जगह लोगों ने इस बार ब्रांडेड और हर्बल रंग-गुलाल को तरजीह दी। केमिकलयुक्त हानिकारक रंगों से होने वाले नुकसान को लेकर लोग जागरूक हुए हैं। इससे ब्रांडेड रंग और गुलाल की मांग बढ़ी है। रंग की अपेक्षा लोग रंग-बिरंगे गुलाल खरीद रहे हैं। इससे इस बार साफ सुथरी और स्वस्थ होली होने की संभावना है।

# पाटन बायपास में युवक को मेट्रो बस ने कुचला

### टायर के नीचे आया सिर, इलाज के दौरान मौत

जबलपुर, यशभारत। माढोताल थाना अंतर्गत पाटन बायपास में बाजार सब्जी लेने गए एक युवक को बेकाबू मेट्रो ने सीधी टक्कर मार दी। हादसे के दौरान बस का चक्का युवक के सिर से गुजर गया। जिसके बाद आनन फानन में युवक को अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। जिसके बाद क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति है। तो वहीं दो बच्चों के सिर से अब पिता का साया भी उठ गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि मदन लाल मेहरा 35 वर्ष पेशे से मजदूरी करता था। जो कल सब्जी लेने गया था और पैदल ही घर लौट रहा था, तभी एक बेकाबू मेट्रो बस ने पीछे से युवक को टक्कर मार दी और उसके सिर के ऊपर से गुजर गयी। हादसे के दौरान युवक के सिर में गंभीर चोट आई। जिसे तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां हालत बिगड़ने पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया, जहां इलाज के दौरान युवक की दर्दनाक मौत हो गयी।

# तालिबानी सजा देने वाले 4 छात्रों को प्रबंधन ने हॉस्टल से किया

### अब पुलिस की रडार पर हमलावर, रानीताल स्थित सांई स्पोर्ट्स सेंटर में नाबालिग छात्र को बेरहमी से पीटने का मामला

यशभारत खबर का असर




**जबलपुर यशभारत।** रानीताल स्थित खेल प्राधिकरण जबलपुर यानि सांई र्स्पोट्स सेंटर में नाबालिग छात्र की बेरहमी से पिटाई के मामले में अब प्रबंधन एक्शन मोड पर आ गया है। मारपीट करने वाले चारों छात्रों को हॉस्टल से बाहर कर दिया गया है। उधर पुलिस भी बच्चों के बयान लेकर मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के मूड में आ चुकी है।
सेंटर इंचार्ज कुलदीप सिंह बरार ने यशभारत को बताया कि नाबालिग छात्र को बेरहमी से कूलर की रॉड से पीटने वाले 4 सीनियर छात्रों को अभी सांई स्पोर्ट्स सेंटर से बाहर निकाल दिया है। इनमें जो दो छात्र छोटे थे उन्हें उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया है। आने वाले दिनों में इन चारों छात्रों को परमानेंटली हॉस्टल से निकाल दिया जाएगा। सेंटर इचार्ज के मुताबिक सरकारी नियमों के तहत विभाग के 3 सदस्यीय अधिकारियों की टीम बनाई गई थी जिसने बच्चों के बयान दर्ज कर लिए थे और पूरी रिपोर्ट बनाकर भोपाल मुख्यालय भेज दी गई है। उम्मीद है कि मारपीट करने वाले इन छात्रों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। विदित हो कि विगत 4 मार्च को जन्मदिन पार्टी के दौरान चार सीनियर छात्रों ने 16 साल के नाबालिग छात्र को बहुत बेरहमी से पीटा था जिसकी पीठ में बहुत गंभीर चोटें आई थीं।

# जनज्योति सुपर स्पेशलिटी आई हॉस्पिटल की उपलब्धि

**नेत्र ज्योति पाकर खिल उठी अभिषेक की जिंदगी**

जबलपुर यश भारत। बीस वर्षीय अभिषेक कोल जो की पिछले 15 वर्षों से देख नहीं पा रहा था उसको जब दिखने लगा तो कसार गांव, सिहोरा में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। डॉ. पवन स्थापक ने बताया की अभिषेक की एक आँख जन्म से बनी ही नहीं थी और दूसरी आँख अर्धविकसित थी जिसमे की पुतली भी आधी बनी थी, रेटिना भी अर्धविकसित था और मोतियाबिंद सब लक्सेटेड था जिसके कारण मरीज को जन्म से ही नहीं दिख रहा था। जनज्योति सुपर स्पेशलिटी आई हॉस्पिटल गोल बाजार में अत्याधुनिक शल्य क्रिया के द्वारा पहले रिंग लगाकर आँख के लेंस को साधा गया फिर मोतियाबिंद को निकाल कर कस्टमाइज लेंस प्रत्यारोपित किया गया ढ्ढ मरीज अब पूरी तरह से स्वस्थ है और देख सकता है ढ्ढ ऑपरेशन को सफल बनाने में डॉ.आमिर नसीराबादी, डॉ.आयुष टंडन और डॉ. अर्पिता स्थापक का सहयोग रहा।

# इंटक का दामन थामने पर ओ एफ के यूनियन ने 3 नेताओं को किया निष्कासित

**जबलपुर यशभारत।** यूनियन विरोधी गतिविधियों के कारण ओ एफ के लेबर यूनियन ने तीन नेताओं को निष्कासित कर दिया है ।यूनियन के महामंत्री अर्णव दास गुप्ता ने बताया कि संतोष सिंह, संतोष राव और सुनील पांडोले को संगठन से बाहर किया गया है। विदित हो कि हाल ही में ओ एफ के के को-आपरेटिव चुनाव संपन्न हुए थे और सोमवार की शाम को संयुक्त संघर्ष समिति ने बागी नेताओं को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। वहीं बागी उम्मीदवार के साथ-साथ उनके समर्थकों ने भी शाम को इंटक यूनियन का दामन थाम लिया था। संघर्ष समिति के लिए यूनियन कामगार यूनियन का कहना है कि जो लोग पद की लालसा में संगठन से गद्दारी करते हैं उन पर भरोसा करना ठीक नहीं है। जानकारी के अनुसार ओ एफ के के को ऑपरेटिव सोसाइटी के 11 क्षेत्रों के लिए डायरेक्टर मंडल सदस्य का चुनाव हुआ था, जिसमें 10 सीट संघर्ष समिति के पास थी जबकि एक सीट बागी के पास रही थी।




































स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*।
फोन ( 0761 ) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )